प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 10.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- घाटशिला उपचुनाव के लिए साइलेंस पीरियड लागू, जिला प्रशासन ने किया ट्रैफिक सिस्टम में बदलाव, भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध।
- आकांक्षी योजनाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए 16 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पहुंचे सरायकेला, आज से फील्ड विजिट और निरीक्षण रिपोर्ट करेंगे तैयार।
- दक्षिण पूर्व रेलवे ने आज से 16 नवंबर तक कई ट्रेनों के परिचालन में किया बदलाव, रेलवे ने यात्रियों से की अपडेटेड समय सारणी जांचने की अपील।
- राज्य में बढ़ा ठंड का असर, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट की जताई संभावना।
- राज्य के तीन दिव्यांग क्रिकेटर पहली बार भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व, अतहर अली, महावीर मोदी और नाजिर श्रीलंका में होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट महासंग्राम में लेंगे भाग।

****

घाटशिला विधानसभा के कल होने वाले उपचुनाव के लिए जिला प्रशासन ने कल शाम 5 बजे से साइलेंस पीरियड लागू कर दिया, जिसमें मतदान शुरू होने से 48 घंटे पहले प्रचार पूरी तरह बंद रहेगा। इसके साथ ही पुलिस ने होटल, लॉज, मैरिज हॉल और वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी है, जिसमें अब तक 19 अवैध हथियार और 34 कारतूस जब्त किए गए हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि 100 लाइसेंसधारी हथियार धारकों के लाइसेंस रद्द किए जा रहे हैं, जबकि 1 हजार दो सौ तैंतीस लोगों ने स्वेच्छा से अपने लाइसेंस जमा किए हैं। मतदान कल सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा और मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने ट्रैफिक सिस्टम में बदलाव किया है। प्रशासन ने आज और कल के लिए शहर में भारी वाहनों के प्रवेश और निकास पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। आज कोऑपरेटिव कॉलेज से मतदान दल ईवीएम के साथ रवाना होंगे, जबकि कल मतदान के बाद पोलिंग पार्टियां ईवीएम को लेकर वापस कॉलेज लौटेंगी और स्ट्रांग रूम में जमा करेंगी।

****

आकांक्षी योजनाओं के संचालन की गुणवत्ता जांचने के लिए भारत सरकार के 16 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की टीम कल सरायकेला–खरसावां ज़िला पहुंची। उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह और उप विकास आयुक्त रीना हांसदा के साथ बैठक में उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। ये अधिकारी तीन टीमों में विभाजित होकर सरायकेला, कुकडू और गम्हरिया प्रखंडों में आज से फील्ड विजिट कर योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करेंगे और अपनी रिपोर्ट भारत सरकार की साइट पर अपलोड करेंगे।

****

लोहरदगा में रेल यात्रियों को रेल नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल द्वारा लोहरदगा रेलवे स्टेशन में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

****

दक्षिण पूर्व रेलवे ने आज से 16 नवंबर तक कोचिंग ट्रेनों की आवाजाही के कारण कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। रेलवे के अनुसार टाटा–आसनसोल–बोकारो मेमू अब आद्रा से ही शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। झाड़ग्राम–धनबाद एक्सप्रेस को बोकारो स्टील सिटी तक और शालीमार–भोजुदीह एक्सप्रेस को आद्रा तक सीमित किया गया है। वहीं, बक्सर–टाटानगर एक घंटे और खड़गपुर–हटिया एक्सप्रेस तीन घंटे की देरी से चलेंगी।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इस कड़ी में आज हम आपको बता रहे हैं कि किस तरह खाद्य क्षेत्र में जीएसटी सुधार नागरिकों की मदद कर रहे हैं।

****

रांची में कल हुई झारखंड पंचायत सहायक संघ की बैठक में स्थायीकरण और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर रणनीति तय की गई। पंचायत सहायकों ने जानकारी दी कि उन्हें केवल ढाई हजार रुपये प्रोत्साहन भत्ता मिलता है, जो अपर्याप्त है। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ के महामंत्री सुनील शाह ने कहा कि पंचायत सहायकों को स्थायी किया जाए और कम से कम बीस हजार रुपये मानदेय दिया जाए, अन्यथा संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

****

राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में पिछले एक सप्ताह से ठंड का असर बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 14 नवंबर तक सुबह कोहरा या धुंध और दिन में साफ मौसम बना रहेगा।

****

राज्य के तीन दिव्यांग क्रिकेटर पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रामगढ़ के अतहर अली, बोकारो के महावीर मोदी और साहेबगंज के नाजिर श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 13 से 17 नवंबर तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट महासंग्राम में भाग लेंगे। राज्यवासियों ने उनके उज्जवल प्रदर्शन की कामना की है।

****

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है रांची में तीन दशमलव चार डिग्री गिरकर पारा 11 दशमलव आठ पर, 6 जिलों में आज से चलेगी शीतलहर।

हिन्दुस्तान लिखता है– घाटशिला में प्रचार का शोर थमा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – बुढमू में कफ सिरप के लिए नशेड़ियों ने ग्रामीण चिकित्सक की कर दी हत्या।

प्रभात खबर के शब्द हैं – विधायक, अफसर व कर्मचारी समेत 73 लोगों को एसीबी ने बनाया आरोपी।

************समाप्त******************